**होलसेल और रीटेल प्राइस में अंतर**

# शुगर मिलों को नहीं मिल रहा महंगी चीनी का फायदा



[ जयश्री भोसले | पुणे ]

मिलें चीनी के दाम में गिरावट से परेशान हैं। चीनी का सबसे ज्यादा प्रॉडक्शन महाराष्ट्र में होता है और यहां इसकी एक्स-मिल कीमत 30 रुपये किलो से भी कम है। महाराष्ट्र के शुगर बेल्ट से मुंबई की दूरी 200 से 300 किलोमीटर से ज्यादा नहीं है, लेकिन शहर के कंज्यूमर्स इसके लिए 38 से 40 रुपये किलो का रेट चुका रहे हैं। वे पिछले दो साल से इसी कीमत पर चीनी खरीद रहे हैं, भले ही होलसेल लेवल पर इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव क्यों न आ रही हो।

होलसेल और रिटेल लेवल पर दाम में फर्क पॉलिसी मेकर्स के लिए चिंता की बात बना हुआ है। दिवाली पर भी सभी कंज्यूमर्स को सस्ती चीनी का पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है क्योंकि अलग-अलग शहरों में इसकी कीमत अलग-अलग है। ऑर्गनाइज्ड रिटेलर्स को छोड़कर कोई भी थोक मूल्य में आई कमी का फायदा आम ग्राहकों को नहीं देता।

महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव फैक्टरीज फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव बाबर ने बताया, 'मिलों की हालत खराब है। एक्स-मिल शुगर प्राइस घटकर 27 रुपये किलो तक आ गई है। हमें डर है कि कहीं यह और कम न हो जाए। दूसरी ओर कंज्यूमर्स को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। मुझे मुंबई की होलसेल वाशी मंडी से चीनी 35 रुपये किलो के रेट पर खरीदनी पड़ रही है।' सबसे छोटी साइज वाली एस30 किस्म की चीनी का एक्स-मिल भाव महाराष्ट्र में 28 से 28.50 रुपये किलो है। वहीं होलसेल बाजार में यह 29.80 से 30.50 रुपये किलो के रेट पर मिल रही है। यही चीनी मुंबई के दादर इलाके के 69 साल पुराने सुपर मार्केट में 34 रुपये किलो और बांद्रा में 38 रुपये किलो में बेची जा रही है।

मीडियम साइज की एम30 शुगर का एक्स-मिल रेट 29 रुपये से 30.50 रुपये किलो है। मुंबई के होलसेल मार्केट में यह 30.50-31.50 रुपये किलो के रेट पर बिक रही है। दादर के सुपरमार्केट में इसका रेट 36 रुपये किलो और बांद्रा में 40 रुपये किलो है।

कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री की वेबसाइट पर दिए गए डेटा के मुताबिक, मुंबई में

> **मिलों की हालत खराब है। एक्स-मिल शुगर प्राइस घटकर 27 रुपये किलो तक आ गई है। हमें डर है कि कहीं यह और कम न हो जाए। दूसरी ओर कंज्यूमर्स को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। मुंबई की होलसेल वाशी मंडी से चीनी 35 रुपये किलो के रेट पर खरीदनी पड़ रही है**
>
> **संजीव बाबर,** MD, महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव फैक्टरीज फेडरेशन

सितंबर में चीनी की होलसेल कीमत 31.15 रुपये किलो और रिटेल प्राइस 38 रुपये किलो थी। साल भर पहले यह क्रमशः 36 रुपये और 38 रुपये था। हालांकि महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज के डेटा से पता चलता है कि पिछले शुगर सीजन में स्मॉल और मीडियम साइज चीनी का दाम 27 रुपये से 30 रुपये किलो के बीच था।

इकनॉमिक टाइम्स
27/10/14